दादा पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 9 जुलाई। पोहरी थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी अंशुल धाकड़ ने अपने दादा अरविंद धाकड़ की मौत को हत्या बताते हुए आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस

▸ एसपी से की हत्या का केस दर्ज करने की मांग

अधीक्षक को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। अंशुल धाकड़ के अनुसार, घटना 3 जुलाई 2026 की दोपहर करीब 2 बजे की है। वह अपने दादा अरविंद धाकड़ के साथ बरईपुरा स्थित खेत पर फसल देखने गए थे। इसी दौरान खेत के रास्ते को लेकर गांव के ज्ञानी धाकड़, प्रकाश धाकड़, पवन धाकड़, हरिओम धाकड़ और

वंटी धाकड़ से विवाद हो गया।

मारपीट करने के बाद आग लगाने का आरोप : अंशुल का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सभी आरोपियों ने उसके दादा के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। उसने दावा किया कि जान बचाकर भागने के बाद उसने कुछ दूरी से देखा कि आरोपियों ने उसके दादा पर पेट्रोल या डीजल जैसा ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। अंशुल के मुताबिक, वह परिजनों को सूचना देने घर गया। जब वह अपनी मां और ताई के साथ मौके पर लौटा, तब तक अरविंद धाकड़ झुलसी हुई हालत में वहां से जा चुके थे। उन्हें पहले पोहरी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद शिवपुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान 4 जुलाई की सुबह उनकी मौत हो गई।

पुलिस बोली- दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया जांच कर रहे: पोहरी थाना प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि घटना के समय पीड़ित पक्ष के दिए गए बयानों और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर दुष्प्रेरण की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीन आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस को घटना वाले दिन का एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। इसमें मृतक स्वयं एक पेट्रोल पंप से बोतल में पेट्रोल भरवाकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही कार्रवाई की गई है।

परिजन बोले- पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज नहीं किया

परिजनों का दावा है कि इलाज के दौरान अरविंद धाकड़ ने डॉक्टरों और पुलिस अधिकारियों के सामने बयान दिया था कि आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और पेट्रोल या डीजल डालकर आग लगा दी थी। इसके बावजूद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज नहीं किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने केवल दुष्प्रेरण (आत्महत्या के लिए उकसाने) की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को बचाने का प्रयास किया। परिजनों ने अब पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

बस लेकर भागा पूर्व ड्राइवर, गुरुग्राम में रखी गिरवी

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 9 जुलाई। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को एक बस मालिक की शिकायत पर उसके पूर्व ड्राइवर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। ड्राइवर पर बस वापस न करने और उसे कथित तौर पर गुरुग्राम में गिरवी रखने का आरोप है।

▸ शिवपुरी में मालिक की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार, सईसपुरा पीपल वाले कुआं निवासी 33 वर्षीय मुकेश खटीक ने शिकायत दर्ज कराई। मुकेश बस संचालन का कार्य करते हैं और उनके नाम पर दो बसें पंजीकृत हैं। करीब 14 महीने पहले उन्होंने अम्बाह निवासी संतोष तिवारी को अपनी बस क्रमांक रू॥18क्क्त1257 पर ड्राइवर के रूप में नियुक्त किया था। यह बस ग्वालियर-इंदौर रूट पर चलती थी। मुकेश खटीक ने

बताया कि बस से अपेक्षित आय न होने के कारण उन्होंने इसे शिवपुरी बस स्टैंड पर खड़ा कर दिया था। 10 जनवरी 2026 को संतोष तिवारी ने बस को अपने संचालन में लेने और उसकी मासिक किस्तें भरने का भरोसा दिया। मुकेश ने विश्वास में आकर परिचितों की मौजूदगी में बस की चाबी संतोष को सौंप दी, हालांकि इस संबंध में कोई लिखित समझौता नहीं हुआ था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, संतोष तिवारी ने न तो बस के लोन की किस्तें जमा कीं और न ही तय राशि का भुगतान किया। जब भी बस वापस मांगी गई, वह टालमटोल करता रहा। जून 2026 में मुकेश की संतोष से आखिरी बार बात हुई थी, जिसके बाद से उसका मोबाइल बंद है और वह संपर्क में नहीं है। मुकेश ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई, जिससे पता चला कि संतोष तिवारी ने उनकी बस को गुरुग्राम में गिरवी रख दिया है। इस जानकारी के बाद उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई और बस वापस दिलाने तथा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी संतोष तिवारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कलेक्टर का बड़ौदी स्कूल में औचक निरीक्षण, बच्चों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 9 जुलाई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने गुरुवार को शिवपुरी के बड़ौदी सड़क स्थित एकीकृत शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर

▸ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया, उनकी पढ़ाई का स्तर परखा और शिक्षकों की उपस्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए और सीखने के स्तर में सुधार के लिए नियमित प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण

विकास का माध्यम भी है।

निरीक्षण के दौरान श्री वर्मा ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों और अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि परिसर हमेशा साफ-सुथरा रहे और विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य के प्रति गंभीर रहने की प्रेरणा दी। बच्चों के साथ उनकी सहज बातचीत से कक्षा का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक बन गया। निरीक्षण के अंत में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि विद्यालय में अनुशासित, सकारात्मक और प्रेरक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को सभी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के साथ सुदृढ़ करने और शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आंगनवाड़ी केंद्र सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक खुलेंगे

गुना। जिले में मौसम सामान्य होने और हीट वेव (लू) का प्रकोप समाप्त होने के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव कर दिया गया है। अब सभी केंद्र अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगे। बता दें कि अप्रैल 2026 में अत्यधिक गर्मी और भीषण हीट वेव के कारण बच्चों को राहत देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का समय अस्थायी रूप से बदलकर सुबह 8 बजे से 11 बजे तक किया गया था। अब वर्तमान में मौसम अनुकूल होने के कारण इस अस्थायी व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश चंदेल द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र अब पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

सड़क किनारे डिलीवरी, नहीं आई एम्बुलेंस

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 9 जुलाई। बैराड़ तहसील में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही सामने आई है। यहां 108 एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंचने से प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक जनजातीय महिला को सड़क किनारे ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। सूचना मिलने पर तहसीलदार द्रगपाल सिंह बैस

▸ तहसीलदार ने जच्चा-बच्चा को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

मौके पर पहुंचे और अपनी सरकारी गाड़ी से जच्चा-बच्चा को अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक, राजपुरा (टपरा) निवासी संजू आदिवासी को बुधवार शाम प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को फोन किया, लेकिन काफी देर तक वाहन नहीं पहुंचा। दर्द बढ़ने पर परिवार महिला को

बारिश के बीच बाइक से बैराड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने लगा। गोन्दोलीपुरा के पास महिला की प्रसव पीड़ा अचानक तेज हो गई, जिससे परिजनों को सड़क किनारे रुकना पड़ा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे बैराड़ निवासी धीरज ओझा ने स्थिति देखकर तत्काल तहसीलदार को सूचना दी। सूचना मिलते ही तहसीलदार मौके पर पहुंचे। हालांकि, उनके पहुंचने से पहले ही रात करीब 8ः45 बजे महिला ने सड़क किनारे नवजात को जन्म दे दिया था। इसके बाद तहसीलदार ने अपनी सरकारी गाड़ी से जच्चा-बच्चा और परिजन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वे बाइक से अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने मां और नवजात का परीक्षण किया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि 108 एम्बुलेंस समय पर पहुंच जाती तो महिला को सड़क किनारे प्रसव जैसी जोखिम भरी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। लोगों ने प्रशासन से ग्रामीण क्षेत्रों में एम्बुलेंस और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की मांग की है।

कलेक्टर ने कृषि संस्थानों के निरीक्षण में मृदा परीक्षण से बीज वितरण तक परखी व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 9 जुलाई। किसानों को बेहतर सेवाएं और कृषि विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरुवार को कोलारस और रन्नौद स्थित कृषि संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। मृदा परीक्षण केंद्र, एसडीओ कृषि कार्यालय और शासकीय बीज प्रक्रिया केंद्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण और किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि मुनेश शाक्य सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

कोलारस स्थित मृदा परीक्षण केंद्र में कलेक्टर ने मशीनों की कार्यस्थिति, तकनीकी संचालन और रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को मृदा परीक्षण की सुविधा बिना देरी के मिले। साथ ही कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और भवन की आवश्यक मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीओ कृषि कार्यालय में उन्होंने उपस्थिति पंजी और कार्यालयीन कार्यप्रणाली की जांच की। अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहने, फाइलों और दस्तावेजों का व्यवस्थित संधारण करने तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। रन्नौद स्थित शासकीय कृषि प्रक्षेत्र के बीज प्रक्रिया केंद्र में कलेक्टर ने बीजों की सफाई, ग्रेडिंग, भंडारण और वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों से भंडारण क्षमता और किसानों तक बीज उपलब्ध कराने की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने दो टूक कहा कि बीजों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और किसानों को समय पर उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के अंत में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने स्पष्ट संदेश दिया कि कृषि विभाग के सभी संस्थान किसानों के हित के लिए हैं। इसलिए लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यप्रणाली अपनाते हुए किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

8 फीट लंबे अजगर ने बकरी पर हमला किया

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 9 जुलाई। नरवर में शुक्रवार को एक खेत में करीब 8 फीट लंबा अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। अजगर बकरी का शिकार करने पहुंचा था। घटना 14 महादेव मंदिर के पीछे स्थित खेत की है। बकरी के मालिक ने उसकी मिमियाने की आवाज सुनी। मौके पर पहुंचने पर उसने अजगर को देखा और तुरंत नरवर के सर्प मित्र सलमान पठान को सूचना दी।

सूचना मिलते ही सलमान पठान मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानी से रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। रेस्क्यू के बाद सलमान पठान ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि इतने बड़े आकार का अजगर अपनी मजबूत पकड़ से बड़े जानवरों और इंसानों के लिए भी खतरा बन सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप या अजगर दिखाई देने पर उसे पकड़ने की कोशिश न करें। इसकी सूचना तुरंत वन विभाग या प्रशिक्षित सर्प

▸ सर्प मित्र ने सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

मित्र को दें। रेस्क्यू के बाद अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

एसडीएम के नेतृत्व में तोड़ी गई 100 फीट लंबी दीवार

नवभारत न्यूज

गुना। जिला प्रशासन ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जगनपुर चक पर अवैध तरीके से बनाई गई करीबन 100 फीट लंबी सीमेंट की बाउंड्री वॉल को ढहा दिया। गुरुवार दोपहर ढाई बजे एसडीएम के नेतृत्व में नगर पालिका का दस्ता और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और इस अवैध दीवार को तोड़ने की कार्रवाई की। अधिकारियों के मुताबिक, स्थानीय रहवासियों को हो रही भारी परेशानी और जलभराव की स्थिति को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया है। इस कार्रवाई के बाद प्रभावित बस्ती के लोगों ने राहत की सांस ली है।दरअसल, यह पूरा मामला वार्ड क्रमांक 21 स्थित जगनपुर हड्डी मिल बस्ती का है। यहाँ पीएम आवास की ओर जाने वाली सड़क के किनारे एक आरसीसी बाउंड्री वॉल का अवैध निर्माण कर लिया गया था, जिससे क्षेत्र की जल निकासी पूरी तरह ठप हो गई थी। मानसून की दस्तक के साथ ही स्थिति इतनी बदतर हो गई कि बस्ती के 50 से अधिक घरों के अंदर घुटनों तक पानी भर गया। लोगों का राशन और कीमती सामान खराब होने लगा और स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी।

जल योद्धाओं का हुआ सम्मान

बदरवास स्टेशन पर चली नि :शुल्क शीतल जलसेवा

नवभारत न्यूज

बदरवास 9 जुलाई। भीषण गर्मी में बदरवास रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा जनसहयोग से संचालित नि:शुल्क शीतल जलसेवा अभियान के समापन पर गत दिवस सम्मान,धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित कर सेवा कार्य में सहयोग देने वाले रेलवे स्टेशन स्टाफ, जलसेवकों और अन्य सहयोगियों का सम्मान कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सभी को माला पहनाकर, शॉल एवं तौलिया भेंटकर तथा मिठाई खिलाकर उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि स्टेशन प्रबंधक विनोद शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे यात्रियों को शुद्ध एवं शीतल जल उपलब्ध कराना सबसे बड़ा मानव धर्म है। रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा जारी जलसेवा में जल सेवकों ने पूरी गर्मी जिस समर्पण और निस्वार्थ भाव से यह सेवा कार्य किया, वह सराहनीय और अनुकरणीय है।

गौरतलब है कि सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा जनसहयोग से बदरवास रेलवे स्टेशन पर नि:शुल्क आरओ कैंपर जल से जलसेवा अभियान पूरे गर्मियों में जनसहयोग से जारी रहा। जलसेवा अभियान के दौरान बदरवास रेलवे स्टेशन पर रुकने

वाली ट्रेनों में पूरे दिन और देर रात तक प्रतिदिन यात्रियों को आरओ कैंपर का शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। भरी दोपहरी और चिलचिलाती धूप में भी जलसेवक पूरी तन्मयता और सेवाभाव से प्लेटफार्म पर आने जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को शुद्ध पेयजल पिलाकर और उनकी बोतलों को भरने का काम करते रहे। इस पुण्य पुनीत कार्य में समाजसेवियों,युवाओं, तथा रेलवे कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। रेलवे सुविधा संघर्ष समिति ने जनसहयोग की ताकत पर यात्रियों तक राहत पहुंचाकर सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। समिति ने भविष्य में भी जनहित और यात्री हित से जुड़े ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों और जलसेवकों का तालियों की गड़गड़ाहट के बीच माल्यार्पण कर,शॉल,तौलिया भेंटकर सम्मान किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह अभियान केवल प्यास बुझाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करने वाला प्रेरक अभियान साबित हुआ।

यात्रियों को चौबीस घंटे पेयजल के लिए की स्थाई व्यवस्था

बदरवास रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को चौबीस घंटे पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति ने की है। इसके लिए जनसहयोग से दो वाटर कूलर प्लेटफार्म पर लगवाए हैं साथ ही मटकों का शीतल जल भी हमेशा उपलब्ध हो इसकी व्यवस्था भी की है जिससे यात्री प्यासे न रहें। कई वर्षों से चल रही बदरवास रेलवे स्टेशन पर यह जलसेवा जल सेवकों के सेवा भाव,समर्पण और आत्मीयता के कारण सभी जगह चर्चा का विषय बन गई है।

जनजाति महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने रामनिवास

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 9 जुलाई। विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति महासंघ, मध्यप्रदेश ने संगठन को मजबूत बनाने और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से रामनिवास बघेल पुत्र श्रीपत बघेल निवासी चिन्नौदी शिवपुरी को प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर दो वर्ष के लिए नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह बघेल, प्रदेश अध्यक्ष केशर सिंह धनगर, संगठन

▸ विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतु की दो वर्ष के लिए मिली जिम्मेदारी

मंत्री पटेल मधुसूदन धनगर, जीएस धनगर एवं महासचिव राजू सिंह पाल की अनुशंसा पर की गई। संगठन ने रामनिवास बघेल की सक्रियता, ईमानदारी, मेहनत और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। संगठन के अनुसार, विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति महासंघ के अंतर्गत पिछड़ा वर्ग की 51 जातियां आती हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा इन वर्गों के उत्थान के लिए संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ समाज के पात्र लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में प्रदेश मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। नियुक्ति के बाद रामनिवास बघेल ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा समाज और शासन की योजनाओं के बीच मजबूत संवाद स्थापित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों, समाजजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

दो पत्थर उत्खनन पट्टे किए निरस्त

गुना। जिले में खनिज नियमों के उल्लंघन पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सख्त प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए दो पत्थर उत्खनन पट्टों को निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही दोनों पट्टाधारकों द्वारा जमा की गई प्रतिभूति (सुरक्षा) राशि भी राजसात किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, ग्राम पिपरौदाखुर्द में सर्वे क्रमांक 2/1 मिन-1, रकबा 4.000 हेक्टेयर में स्वीकृत पत्थर उत्खनन पट्टों के संचालन के दौरान मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 के नियमों का खुला उल्लंघन पाया गया था। इस अनियमितता पर पट्टाधारक राकेश शर्मा (निवासी ग्वालियर) तथा मृदुल शर्मा (निवासी कैंट, गुना) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे।

धीरपुर राम जानकी मंदिर परिसर में हुआ पौधारोपण

गुना। क्षेत्र के धीरपुर स्थित प्रसिद्ध राम जानकी मंदिर परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत गरिमामय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन ने उपस्थित जनसमुदाय को पौधारोपण की सही वैज्ञानिक विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने रोपे गए पौधों को जीवित रखने और उनकी नियमित देखरेख व सुरक्षा करने की जिम्मेदारी उपस्थित सामाजिक कार्यकताओं को सौंपी। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह लाखनोत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कार्यकताओं को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उसकी पूरी जानकारी तथा तस्वीरें संबंधित शासकीय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए।

गुना में अब तक 270 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

गुना। जिले में 1 जून से 9 जुलाई 2026 की सुबह तक गुना जिले में कुल 270.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कि यहाँ की सामान्य बारिश का करीब 25.6 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान जिले में 386.6 मिमी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। भू-अभिलेख विभाग के अनुसार, जिले की संपूर्ण वर्षा ऋतु की सामान्य औसत बारिश 1053.5 मिलीमीटर है। 1 जून से अब तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों में से गुना में 160.2 मिमी., बमौरी में 170.8 मिमी., आरोन में 229.0 मिमी. और राघौगढ़ में 191.0 मिमी. पानी गिरा है।